**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 22 जनवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर सभी से बेटियों के अधिकारों की रक्षा करने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

- राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान के सार्थक परिणाम सामने आये हैं।

- केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन को 2026 तक बढ़ाया।

- हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि**, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान ने प्रदेश में लड़कियों के जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार लाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

- मौसम विभाग ने आज रात चंडीगढ़ और हरियाणा में कुछेक स्थानों पर हलकी से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर कहा है कि यह अभियान जन सहयोग से बड़ा बदलाव लाने वाला अभियान बन गया है और हर वर्ग के लोगों को अपने साथ जोड़ने में सफल हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस से लैंगिक असमानता को दूर करने और बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने एवं अपने सपनों को साकार करने के लिए उचित माहौल मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमेशा से कम बाल लिंगानुपात के लिए जाने जाते जिलों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। श्री मोदी ने लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों का उनके समर्पित प्रयासों के लिए आभार जताया और कहा है कि ज़मीनी स्तर पर इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देने वाले सभी भागीदार प्रशंसा के पात्र हैं। प्रधानमंत्री ने सभी से अपील की है कि वे बेटियों के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना और ऐसे समाज का सृजन करना जारी रखें जहां वे बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ सकें।

*********************************************************************

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि प्रदेश में **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। वे आज फतेहाबाद में इस अभियान के 10 वर्ष पूरे होने

पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा -

बजट को लेकर श्री बराला ने कहा कि बजट सबके हित में होगा। इस बजट से प्रदेश उन्नति के नए आयाम छुऐगा। बी.जे.पी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के मामले में सांसद ने कहा कि मामला पार्टी नेतृत्व के संज्ञान में है। संगठन के विस्तार को लेकर श्री बराला ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है और लगातार जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। कार्यक्रम के बाद उन्होंने एक स्कूटी और साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

******************************************************************************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन को 2026 तक पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हासिल प्रगति की समीक्षा के बाद अगले दो वर्षों तक इसका कार्यान्वयन जारी रखने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा सरकार ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे पटसन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 315 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने का निर्णय लिया है। कच्चे पटसन के लिए अब 5,650 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा।

******************************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

******************************************************************************

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि 10 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत से शुरू किया गया **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान प्रदेश में मील का पत्थर साबित हुआ है। इस अभियान से प्रदेश में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच बनी और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आज हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी मेहनत और मेधा से इतिहास रच रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने हरियाणा में लड़कियों के जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार लाने और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस अभियान के परिणाम स्वरूप प्रदेश में लिंगानुपात साल 2024 में बढ़कर 910 हो गया है।

मंत्री ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए चिकित्सकों , झोलाछाप चिकित्सकों और दलालों की अवैध गतिविधियों को रोका गया है और 4 हज़ार गिरफ्तारियां की गई है ऐसे ही आगे भी कार्रवाई जारी जाएगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने यह फ़ैसला लिया है कि **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान के तहत महिला सरपंचों को उनके गांव का ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाएगा ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सकें।

*******************************************************************************

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज कुरुक्षेत्र जिले में लाड़वा के हिन्दु हाई स्कूल में भी **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान की 10 वीं वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोगों को बेटियों को शिक्षित करने व स्वावलंबी बनाने का संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी बलजीत कौर और नगर पालिका अध्यक्ष साक्षी खुराना ने कार्यक्रम के दौरान सभी को बेटी बचाने और बेटी पढ़ाने की शपथ दिलाई।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बलजीत कौर ने बताया-

इस दौरान हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया गया। श्रीमती बलजीत कौर ने बताया कि विभाग की तरफ से 8 मार्च तक लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

*******************************************************************************

परिवर्तनकारी '**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**' पहल का एक दशक पूरा के उपलक्ष्य में आज चंडीगढ़ सचिवालय में भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने सभी को बालिकाओं के अधिकारों को बनाए रखने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और हर लड़की के लिए शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने, की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने लड़कियों के अधिकारों और गरिमा को बनाए रखने वाले समाज के निर्माण में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से समर्पण और उत्साह के साथ 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' पहल के लक्ष्यों की दिशा में काम जारी रखने का आह्वान किया। समारोह में सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की भागीदारी की। इस के अलावा, चंडीगढ़ में सभी विभागों, महाविद्यालयों, स्कूलों और संस्थानों में भी बेटी बचाने, बेटी पढ़ाने की शपथ ली गई।

*******************************************************************************

मौसम विभाग ने आज चंडीगढ़ और हरियाणा में कुछेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। जबकि कल कहीं कहीं हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान लगाया है। भिवानी के कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने बताया कि आज मध्यरात्रि से मौसम में बदलाव की संभावना है।

उन्होंने बताया कि बारिश मौसम में नमी बनाने का कार्य करेगी, जिससे धुंध भी बनेगी, जो फसलों को फायदा पहुंचाएंगी।

*****************************************************************************